मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 31 ■ मंगलवार 7 अप्रैल 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**मैं पूरी तरह से मां पर निर्भर थी -जाह्नवी**

## उल्हासनगर में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर भाजपा जिला मुख्यालय में कल भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के नेतृत्व में मुख्यालय में झंडा वंदन किया गया। मिठाई बांटकर सभी भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया।

जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने आए हुए भाजपाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल एक ऐसा ऐतिहासिक दिन है, जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई, एक ऐसी पार्टी, जिसने भारतीय राजनीति की दिशा और दशा को नया आयाम दिया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं.दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रवाद और अंत्योदय के विचारों को आत्मसात करते हुए, श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भाजपा ने अपनी मजबूत नींव रखी। वर्षों के कठिन परिश्रम, करोड़ों कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास के बल पर आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। आज भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता "विकसित भारत" के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ आगे बढ़ रहा है। उल्हासनगर शहर में भी भाजपा यही संकल्पना से कार्य कर रही है।

# उल्हासनगर में IPL सट्टेबाजी का बड़ा कारोबार

- **IPL पर सैकड़ों करोड़ की बेटिंग**
- **ग्रामीण युवा भी फंस रहे ऑनलाइन बेटिंग के जाल में**




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर एक बार फिर सट्टेबाजों का बड़ा केंद्र बनते जा रहा है। अगर सट्टेबाजी का इतिहास उठाकर देखे तो इस शहर से ही सबसे बड़े बुकी देश व विदेश तक अपना कारोबार फैलाए हुए हैं। खबर मिली है कि उल्हासनगर शहर व आस पास में गांवों में एक बंगले में सट्टेबाजी का बड़ा कारोबार होता है। शहर के बुकी बाहरी शहर के सट्टोरियों व पंटरों के साथ मिलकर कारोबार करते हैं जिसमें बंटी यवतमाल, बाबा हैदराबाद राजू अकोला, बुकी किशू खान, अजय बटाटा, हीरा, कैलाश रामानी, राम, सुरेश पिन्या आदि ने अपना कारोबार कर रहे हैं जिसमें सट्टा लगाने वाले उल्हासनगर के ही युवा पीढ़ी के लोग बताए जा रहे हैं।

IPL जैसे खेल के लिए चर्चा में है, वैसे ही इसकी सबसे ज़्यादा चर्चा यहां होने वाली अरबों रुपये की बेटिंग की होती है। आजकल जब पूरा बेटिंग मार्केट ऑनलाइन हो गया है, तो हर मैच और मैच की हर बॉल पर कुछ ही सेकंड में दुनिया भर से सैकड़ों करोड़ रुपये की बेटिंग हो रही है। खास बात यह है कि गांव के इलाकों के युवा भी बड़ी संख्या में इस ऑनलाइन बेटिंग नेटवर्क की तरफ खिंचे चले आ रहे हैं।

मौजूदा IPL सीज़न में दस टीमों के बीच कुल 70 मैच खेले जाएंगे और हर मैच पर दुनिया भर से 100 से 600 करोड़ रुपये का सट्टा लगाया जा रहा है। हर टीम पर एक कीमत तय है और यह सट्टा ऑनलाइन लिया जा रहा है। इस बीच, सट्टा बाज़ार ऑफलाइन भी गर्म हो गया है और सभी सट्टेबाज़ों के लेन-देन को आसान बनाने के लिए देश के हर राज्य और शहर में सट्टेबाज़ों की एक चेन चल रही है। अनुमान है कि मौजूदा IPL सीज़न के दौरान सट्टेबाज़ी बाज़ार में 28,000 करोड़ रुपये का कारोबार होगा। हालांकि, मुंबई के एक सट्टेबाज़ ने अनुमान लगाया कि सट्टेबाज़ी बाज़ार में इससे ज़्यादा पैसा चल रहा है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम समेत कुल 12 शहरों में IPL मैच खेले जा रहे हैं। IPL सीज़न के दौरान लाखों करोड़ रुपये का कारोबार होता है। इसमें से हज़ारों करोड़ रुपये का कारोबार पर्दे के पीछे IPL मैचों पर हो रहा है। पर्दे के पीछे का वह लेन-देन ही क्रिकेट सट्टा है, यानी क्रिकेट सट्टा बाज़ार। उल्हासनगर शहर के एक बुकी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि मुंबई समेत भारत के बड़े मेट्रो शहरों में इस समय खेले जा रहे हर मैच पर 100 से 600 करोड़ रुपये का दांव लगाया जा रहा है। अभी बेटिंग के तरीके ऑनलाइन हैं, जिससे कम समय में दुनिया भर से दांव लगाना आसान हो गया है। इसलिए, दुनिया भर से दांव पर लगने वाली रकम हजारों करोड़ में है। जब मैच चल रहा होता है, तो हर अगली बॉल, ओवर, विकेट पर दांव लगाने की सुविधा ऑनलाइन मिल गई है। इसलिए, इस तरह के इन-प्ले बेटिंग के कारण, कुछ ही मिनटों में एक बॉल पर सैकड़ों करोड़ का दांव लगाया जा रहा है। कुछ इंटरनेशनल वेबसाइट कंपनियों को IPL पर दांव लगाने का अधिकार दिया गया है। इन कंपनियों ने सभी लेन-देन को आसानी से करने के लिए भारत समेत दुनिया भर में महत्वपूर्ण जगहों पर अपनी बुकी की चेन बनाई है।

### टीम के हिसाब से प्राइस

हालांकि बेटिंग मार्केट में मॉडर्न टेक्नोलॉजी आ गई है, लेकिन दांव लगाने का तरीका पुराना है। यह बेटिंग सालों से चले आ रहे प्राइस मेथड पर ही मानी जाती है। प्राइस वह प्राइस होता है जो किसी टीम को दिया जाता है। दांव लगाने वाले को उसी प्राइस के हिसाब से पेमेंट किया जाता है।

### बैंकिंग सिस्टम पर असर

एक रिपोर्ट के मुताबिक, IPL के दौरान हर साल भारत में लगभग 100 बिलियन डॉलर या 8.3 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का गैर-कानूनी तरीके से कारोबार होता है। इससे बैंकों के IT इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत दबाव पड़ा है, जिसका असर ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम पर पड़ रहा है।

### इन-प्ले बेटिंग पर सबसे ज़्यादा दांव

एक बुकी ने बताया कि जब गेम चल रहा हो, तो अगली बॉल या प्लेयर्स पर ऑनलाइन दांव लगाने के तरीके को इन-प्ले या लाइव बेटिंग कहते हैं। आजकल ऐसी इन-प्ले बेटिंग सबसे ज़्यादा पॉपुलर हो रही है। इन-प्ले बेटिंग के लिए दांव लेने वाली वेबसाइट कंपनियों ने खास ऑप्शन दिए हैं। इनमें मैच विनर, पहली डिलीवरी पर रन, हर ओवर में रन, हर ओवर में रन, अगला आउट होने वाला खिलाड़ी, सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप, प्लेयर के इनिंग रन शामिल हैं। दांव लगाने वाला कोई भी ऑप्शन चुन सकता है और कुछ मिनट पहले उस पर दांव लगा सकता है।

### हाई-टेक सिस्टम

सट्टे का बाज़ार, जो कभी कागज़ पर लिखा जाता था या फ़ोन पर लिया जाता था, अब मॉडर्न हो गया है। किसी भी टीम या खिलाड़ी पर सट्टा लगाने से लेकर, अब हर बॉल पर, यहाँ तक कि अंपायर के फ़ैसले पर भी ऑनलाइन सट्टा लगाया जा सकता है। इसे इन-प्ले या लाइव बेटिंग कहते हैं। हॉटलाइन पर सट्टे लेने के लिए बुकीज़ की एक चेन हमेशा तैयार रहती है। चल रहे IPL पर सट्टा लेने के लिए, मुंबई इलाके के बुकीज़ ने सट्टेबाज़ों के लिए 2,500 से ज़्यादा टोल-फ्री फ़ोन लाइनें खोली हैं। बुकीज़ का यह पूरा नेटवर्क वहीं से काम करता है, खासकर होटलों में कमरे बुक करके।

## अंबरनाथ में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**अंबरनाथ.** भारतीय जनता पार्टी अंबरनाथ द्वारा भाजपा का स्थापना दिवस सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम आयोजित करके मनाया गया. बी केबिन रोड शहर पूर्व स्थित भाजपा कार्यालय के समक्ष नगराध्यक्ष तेजश्री करंजुले पाटिल के हाथों भाजपा का ध्वजारोहण किया गया. इसके बाद भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं नगरसेवकों ने 1980 से लेकर आज तक भाजपा के प्रवास पर विविध मान्यवरों ने अपना मनोगत व्यक्त किया. सभी ने एक-दूसरे को स्थापना दिन की शुभेच्छा दी. कार्यक्रम का प्रस्तावना, सूत्र संचालन सरचिटणीस दिलीप कणसे ने किया. उस समय मंडल अध्यक्ष प्रजेश तेलंगे, पूनम जाधव, कांचन मिश्रा, विश्वास निंबालकर, सलमा खान आदि पदाधिकारी, नगरसेवक, कार्यकर्ता उपस्थित थे. शहर के भास्कर नगर में भी भाजपा का स्थापना दिवस स्वच्छता अभियान करके मनाया गया. भाजपा मुख्य कार्यालय में गुलाबराव करंजुले, तेजश्री करंजुले पाटिल एवं नगरसेवक अभिजीत करंजुले ने उपस्थितों को मार्गदर्शन किया.

# उल्हासनगर मनपा में प्रलंबित सिलेक्शन प्रक्रिया तेज़




**उल्हासनगर.** वरिष्ठ सनदी अधिकारी रूबल अग्रवाल के 30 मार्च को कोंकण डिविजनल कमिश्नर का पद संभालने के बाद, अब उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में प्रलंबित सिलेक्शन प्रक्रिया में तेज़ी आएगी। शिवसेना कल्याण डिस्ट्रिक्ट चीफ गोपाल लांडगे ने बताया कि स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन, सब्जेक्ट कमेटी चेयरमैन और स्वीकृत नगरसेवकों का सिलेक्शन जल्द ही उनकी मौजूदगी में होगा।

रुबल अग्रवाल के इंचार्ज डिविजनल कमिश्नर सिद्धराम सालीमठ से पद संभालने के बाद, इन सिलेक्शन का रास्ता साफ़ हो गया है। इससे कैंडिडेट्स में उत्सुकता बढ़ गई है। 18 मार्च को हुई जनरल मीटिंग में स्टैंडिंग कमेटी के लिए मेंबर्स अपॉइंट किए गए थे। शिवसेना की तरफ से दिलीप गायकवाड़, जमनू पुरसवानी, राजेंद्रसिंह भुल्लर महाराज, कलवंतसिंह सोहता, जया प्रकाश मखीजा, महेश सुखरामानी, डिंपल कुमारी ठाकुर और विकास खरात को चुना गया। वहीं, BJP में राजेश वढारिया, अर्चना करनकले, कविता पंजाबी, रवि जग्यासी, दीपक (टोनी) सिरवानी, राजेश वानखड़े, शंकर (शेरी) लुंड और संजय सिंह शामिल हैं।

इससे पहले जया प्रकाश मखीजा, राजेंद्रसिंह भुल्लर महाराज, राजेश वढारिया और दीपक (टोनी) सिरवानी उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन का पद संभाल चुके हैं। इस बार स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन का पद शिवसेना के खाते में गया है। डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे के गाइडेंस में MP डॉ. श्रीकांत शिंदे और गोपाल लांडगे को इस पद पर मौका देने की पूरी तैयारी है।

### एक और कमेटी किसे?

विषय समितियों की संख्या आठ है और शिवसेना और BJP चार-चार कमेटियां शेयर करेंगी। इसके अलावा, एक और कमेटी बनाने का प्रपोजल है और यह किस पार्टी को जाएगी, इस पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। पिछली बार पांच अप्रूव्ड कॉर्पोरेटर थे; लेकिन इस बार उनकी संख्या बढ़ाकर सात कर दी गई है। इनमें से शिवसेना के चार और BJP के तीन अप्रूव्ड कॉर्पोरेटर जनरल असेंबली में हिस्सा लेंगे।

# डिस्ट्रीब्यूशन गाड़ी से सिलेंडर चोरी

- **CCTV में कैद हो गई चोरी**



**उल्हासनगर.** गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों का फायदा उठाकर डिस्ट्रीब्यूशन गाड़ी से सीधे सिलेंडर चोरी हो गए हैं। दिनदहाड़े हुई यह बड़ी चोरी CCTV में कैद हो गई है, जिससे शहर की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

भैयासाहेब अंबेडकर सोसायटी इलाके में पहले से ही गैस सिलेंडर मिलने में दिक्कतें आ रही हैं। बढ़ती कीमतों का फायदा उठाकर चोरों ने सिलेंडर बांटने आई गाड़ी से सिलेंडर चुरा लिए हैं। इस मामले में चोरों ने बहुत ही प्लानिंग के साथ गाड़ी पर नज़र रखते हुए सही मौका देखकर कुछ ही पलों में सिलेंडर चुरा लिए। खास बात यह है कि यह पूरी घटना CCTV कैमरे में कैद हो गई है, और चोरों की हरकतों और तरीकों को देखकर लोगों में गुस्सा है। पहले से ही सिलेंडर की कमी से जूझ रहे लोगों को अब सुरक्षा की भी चिंता सता रही है। लोगों ने पुलिस से तुरंत कार्रवाई करने और पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है।

# स्वामी समर्थ मठ इलाके में घुसा कोबरा

- **सर्पमित्र की मुस्तैदी से एक बड़ी मुसीबत टल गई**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के पूर्वी हिस्से में स्वामी समर्थ महाराज मठ इलाके में अचानक एक ज़हरीला कोबरा सांप मिलने से भक्तों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना तब हुई जब दर्शन के लिए आए भक्त अपने रोज़ के काम में लगे थे, जिससे कुछ देर के लिए इलाके में डर का माहौल बन गया। हालांकि, एक सर्पमित्र की मुस्तैदी से सांप को सुरक्षित पकड़कर उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया, जिससे एक बड़ी मुसीबत टल गई।

मिली जानकारी के मुताबिक, अंबरनाथ (पूर्व) में स्वामी समर्थ मठ में जब भक्त दर्शन के लिए आ रहे थे, तब अचानक इलाके में करीब दो फीट लंबा एक ज़हरीला कोबरा सांप देखा गया। सांप को देखते ही वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और कुछ देर के लिए मठ इलाके में तनाव का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मठ के अन्ना मस्के ने तुरंत सर्प मित्र प्रकाश गोहिल से संपर्क किया। जानकारी मिलते ही प्रकाश गोहिल तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना किसी जल्दबाज़ी के पूरी स्थिति को बहुत सावधानी से संभाला। प्रकाश गोहिल ने बड़ी होशियारी और सावधानी से ज़हरीले कोबरा को पकड़ा और उसे सुरक्षित तरीके से बांध दिया। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान इस बात का खास ध्यान रखा गया कि सांप को कोई नुकसान न पहुंचे। इससे भक्तों ने भी राहत की सांस ली। कुछ देर बाद कोबरा को सुरक्षित तरीके से पास के जंगल में छोड़ दिया गया।

# केबी रोड पर कम फासलों पर 4 सिगनल

- **वाहन चालक परेशान**
- **सिगनल सीसीटीवी कैमरे चालू नहीं**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ केबी मुख्य महामार्ग पर मटका चौक से शास्त्री हिंदी विद्यालय चौक तक केवल 3 मिनट के रास्ते पर 4 सिगनल होने से वाहन चालक काफी परेशान हैं. वाहनों को तीन मिनट का रास्ता तय करने के लिए 6 मिनट लग रहे हैं और शास्त्री हिंदी विद्यालय सिगनल पर दुर्घटनाएं हो रही हैं. यहां पर दो दिनों पूर्व दो दुर्घटनाएं हुई हैं. एक क्रेन ने एक दोपहिया वाहन को एवं एक चार पहिया वाहन ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मारकर दोनों वाहन चालकों को घायल कर दिया है. दोनों वाहनों का भी नुकसान हुआ है. दोनों मामले अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में दर्ज हैं. उल्हासनगर से अंबरनाथ आने वाले या अंबरनाथ से उल्हासनगर जाने वालों को हर सिगनल पर एक-एक मिनट रुकना पड़ता है. सिगनल थोड़े-थोडे अंतर पर होने के कारण जल्दी में जाने वाले वाहन चालक सिगनल तोड़कर आगे जाते हैं. इसलिए भी वाहनों के टक्कर लगने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं. इन चारों सिगनल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. पर ये कैमरे अभी तक कार्यरत नहीं हैं. इसलिए भी वाहन चालक सिगनल की परवाह नहीं कर रहे हैं. केबी रोड पर मटका चौक, फिर गांधी चौक, 100 कदम के फासले पर पुलिस स्टेशन चौक, फिर शास्त्री हिंदी विद्यालय चौक पर सिगनल चालू है. शाम से रात तक पुलिस स्टेशन चौक सिगनल पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं. यातायात पुलिस भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है. सिगनल से वाहन चालकों को परेशानी ना हो इसके लिए यातायात पुलिस को उपाय योजना करने की जरूरत है.

# 84 वर्षीय बुज़ुर्ग महिला से सोने की चेन चोरी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में रिक्शे का इंतज़ार कर रही 83 साल की बुज़ुर्ग महिला के गले से दो अनजान टू-व्हीलर सवारों ने ज़बरदस्ती सोने की चेन खींच ली। इस मामले में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, यह घटना 4 अप्रैल को रात करीब 9.50 बजे कानसाई इलाके में भैरव को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के गेट के सामने, केनरा बैंक के सामने पब्लिक रोड पर हुई। शिकायत करने वाली चारुशीला जीवन रॉबर्ट (46) और उनकी 83 साल की मां सुमन त्रिभुवन दोनों घर जाने के लिए रिक्शे का इंतज़ार कर रही थीं। उसी समय, टू-व्हीलर पर दो अनजान युवक वहां आए। टू-व्हीलर चला रहे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि उसके पीछे बैठे युवक ने चेहरे पर मास्क पहना हुआ था। दोनों अपनी गाड़ी बुज़ुर्ग महिला के बहुत पास ले आए और इससे पहले कि उन्हें कुछ समझ आता, पीछे बैठे चोर ने सुमन त्रिभुवन के गले से सोने की चेन छीन ली। इसके बाद चोर भाग गया। शिवराज नगर पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। सपोनी मच्छिद्र कोल्हा आगे की जांच कर रहे हैं।

# बदलापुर लोकल का रोज़ का 'टेंशन'

- **लोकल लेट होने से कल्याण-डोंबिवली के यात्री परेशान**



**कल्याण.** सुबह 7.18 बजे बदलापुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस लोकल रोज़ 10 से 15 मिनट लेट चलती है. बदलापुर और डोंबिवली के बीच इस लोकल का इंतज़ार करने वाले पैसेंजर हमेशा टाइम पर सफ़र नहीं कर पाते, इसलिए वे किसी भी अवेलेबल लोकल से सफ़र कर लेते हैं. जैसे-जैसे ये रेगुलर बदलापुर लोकल पैसेंजर दूसरी लोकल ट्रेनों में चढ़ते हैं, उस लोकल ट्रेन में भीड़ बढ़ती जा रही है.

बदलापुर-CSMT लोकल ट्रेन के लेट होने के बाद कल्याण और डोंबिवली के प्लेटफॉर्म पर आने के बाद, यह लोकल ट्रेन भी पैसेंजर से खचाखच भरी होती है. इस वजह से पैसेंजर की सिरदर्दी बढ़ गई है. सुबह 7.18 बजे बदलापुर-CSMT लोकल ट्रेन ऑफिस टाइम से पहले मुंबई पहुँचती है. इस लोकल ट्रेन में 15 कोच हैं. इसलिए, कई पैसेंजर इसी लोकल ट्रेन को पसंद करते हैं. बदलापुर से निकलने के बाद, इस लोकल को रेलवे लाइन पर अलग-अलग जगहों पर पड़ने वाले सिग्नल, एक्सप्रेस और मेल पकड़ने के लिए कल्याण लाया जाता है. कल्याण रेलवे स्टेशन पर इस लोकल को प्लेटफॉर्म नंबर पांच या छह पर लाया जाता है। इस बीच, मेल और एक्सप्रेस को मुंबई की ओर ले जाया जाता है। तब तक, बदलापुर CSMT लोकल प्लेटफॉर्म पर फंसी रहती है।

जब तक बदलापुर CSMT लोकल आगे नहीं बढ़ जाती, तब तक कर्जत, अंबरनाथ, टिटवाला, आसनगांव और कसारा इलाकों से आने वाली लोकल ट्रेनें इस लोकल ट्रेन के पीछे रहती हैं। 7.18 बजे बदलापुर लोकल ट्रेन से यात्रा करने वाला यात्री अपनी रोज़ाना की लोकल ट्रेन छोड़ने को तैयार नहीं होता। उसके रोज़ाना के साथी यात्री इसी लोकल ट्रेन में होते हैं। भले ही यह लोकल ट्रेन भीड़भाड़ वाली हो, लेकिन इन यात्रियों को कोच में घुसकर अपने जान-पहचान वाले साथी यात्रियों के साथ बैठने की सुविधा होती है। इसलिए, ये यात्री बदलापुर लोकल ट्रेन के लिए फंस जाते हैं।

कुछ रेगुलर पैसेंजर बदलापुर लोकल ट्रेन के दरवाज़े पर खड़े होकर दरवाज़ा रोक लेते हैं। ये पैसेंजर कल्याण, डोंबिवली रेलवे स्टेशन से आने वाले घुसपैठिए पैसेंजर को डिब्बे में घुसने से रोकते हैं। जब लोकल ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आती है, तो वे दरवाज़ा छोड़कर एक तरफ खड़े हो जाते हैं, जिससे प्लेटफॉर्म पर मौजूद पैसेंजर डिब्बे में घुस नहीं पाते। इस वजह से, बदलापुर लोकल ट्रेन के लेट होने पर दरवाज़े पर खड़े पैसेंजर और लोकल ट्रेन में चढ़ने वाले पैसेंजर के बीच रोज़ बहस होती है।

# रंगीला बार के बाउंसरों की गुंडागर्दी

- **सामाजिक कार्यकर्ता विजय जाधव की बुरी तरह पिटाई**
- **सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज**
- **शहर के बार बने गुंडागर्दी के अड्डे**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में रंगीला बार के मालिक और वहां के बाउंसरों ने एक सामाजिक संस्था के पदाधिकारी विजय जाधव को बुरी तरह पीटा है और इस पिटाई में उनका दाहिना हाथ टूट गया है। रंगीला बार में रात में नाच-गाने की खूब भीड़ रहती है। जब विजय जाधव और उनके दोस्त संतोष चव्हाण बार में गए, तो बार मालिक और उनके साथियों ने पहले संतोष चव्हाण को पीटा और फिर विजय जाधव को भी बुरी तरह पीटा। इस मामले में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# एकता नगर पीड़ितों के घरों का विषय सर्वसाधारण सभा में लिया जाए

- **नगरसेवक अब्दुल शेख ने की मांग**



**अंबरनाथ.** शिवमंदिर सुशोभिकरण के लिए गत दिनों प्रशासन ने एकता नगर के 31 घरों को ध्वस्त कर दिया था. ये सभी परिवार अभी भी यहां पर टूटे घरों के आसपास अपना जीवन बिता रहे हैं. इन परिवारों को अस्थायी निवारा व्यवस्था और कायमस्वरूपी पुनर्वसन की मांग एवं इस विषय को सर्वसाधारण सभा में लेने की मांग नगरसेवक एवं पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख ने अंबरनाथ नपा के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ से एक निवेदन देकर की है.

30 बेघर परिवार जनों के घरों को गत दिनों ध्वस्त कर दिया गया था. वह आज तक बेघर हैं. उनको अस्थायी व्यवस्था भी नहीं की गई है. शेख ने निवेदन में आगे लिखा है कि ये परिवार आज भी भयंकर परिस्थिति में जीवन बिता रहे हैं. मानवीय दृष्टिकोण से विचार करते हुए इन परिवारों को शेल्टर होम बनाकर दिए जाएं. अन्न, जल, बिजली, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाएं तत्काल उन्हें दी जाएं. इस पीड़ित परिवारों का सर्वेक्षण करके उन्हें प्रकल्पबाधित का प्रमाणपत्र देकर शासन के आगामी गृहनिर्माण योजना में कायमस्वरूपी घर दिए जाने की मांग शेख ने मुख्याधिकारी से की है.

ये परिवार गत कई वर्षों से यहां पर रहते हैं. अचानक बेघर हो जाने से उन पर गंभीर संकट आ गया है. अस्थायी निवारा एवं कायम का घर देने के विषय को सर्वसाधारण सभा में लेने की मांग अब्दुल शेख ने की है. उन्होंने ये निवेदन उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को भी दिया है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## डोपिंग में नंबर-1 होने का सच

इसमें कोई दोराय नहीं कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने दमखम के बूते देश की प्रतिष्ठा को नया मुकाम दिया है। ऐसे कई खेल हैं, जिनमें अब तक सिर्फ अमेरिका, रूस, चीन आदि विकसित देशों की तूती बोलती रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से भारत के खिलाड़ियों ने अपनी धमक से वर्चस्व की स्थिरता को तोड़ा है और अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की है।

विडंबना यह है कि क्रमशः मजबूत होती मौजूदगी के बरक्स ऐसे मामले भी तेजी से बढ़ते पाए जाने लगे हैं, जिनमें हमारे खिलाड़ियों ने किसी ऐसी दवा या मादक पदार्थ का सेवन किया, जो डोपिंग से संबंधित नियमों के खिलाफ है। यही वजह है कि डोपिंग मामलों की जांच करने वाली संस्थाओं की नजर में भारत के खिलाड़ी अब विशेष रूप से निगरानी के दायरे में हैं।

गौरतलब है कि डोपिंग नियमों के उल्लंघन की वजह से निलंबित किए गए खिलाड़ियों की सूची में भारत अब कीनिया को पीछे छोड़ कर शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत के ट्रैक एंड फील्ड के एक सौ अड़तालीस एथलीट और उनके सहयोगी कर्मचारी डोपिंग मामलों की वजह से निलंबित हैं।

सवाल है कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन कराने वाला समूचा तंत्र और खेल प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के कामकाज की वह कौन-सी शैली है कि डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने वाले खिलाड़ियों के निलंबन के मामले में देश सबसे ऊपर पहुंच गया। करीब चार महीने पहले भी निगरानी संस्था वैश्विक डोपिंग-रोधी एजंसी ने अपने आकलन में वर्ष 2024 के आंकड़ों में भारत को लगातार तीसरे साल डोपिंग के मामलों में सबसे ऊपर पाया था।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तमगा और उसके बाद नगद इनाम हासिल करने या फिर भविष्य में अपनी जगह सुनिश्चित करने की मंशा से कुछ खिलाड़ी प्रतिबंधित प्रदर्शन-वर्धक दवाएं लेने की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। मगर इससे उनकी सेहत और करिअर पर कितना और क्या विपरीत असर पड़ता है, इसके बारे में उन्हें शिक्षित और जागरूक किए जाने की जरूरत है।

हैरानी की बात यह है कि बीते कई वर्षों से यह समस्या कायम रहने के बावजूद इसमें सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिससे डोपिंग के नियमों के उल्लंघन पर काबू पाया जा सके।

विमर्श

# विश्व में शांति बनाए रखने की चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इतिहासकारों का कार्य सरल कर दिया है। वे खुद को महान शांतिदूत बताते हैं। फिर भी, अपने युद्ध मंत्री की इच्छापूर्ति के लिए ईरान पर आक्रमण कर दिया। हमले के बाद से वे लगभग प्रतिदिन विजय की घोषणा करते आ रहे हैं। वे कहते हैं कि अमेरिकी सुरक्षा के लिए कनाडा एवं ग्रीनलैंड पर भी आधिपत्य आवश्यक है। उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति को सपत्नीक उठवा लिया है। क्यूबा उनकी जकड़न में पहले से ही है। वे भारत पर भी इन दिनों अपनी मनमानी चलाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी बातों को कोई मानता है या नहीं, उनकी प्रतिष्ठा एवं उनके देश की साख पर इसका कैसा असर होता है, इस सब पर वे ध्यान नहीं देते। उनके लिए इस तथ्य का भी कोई महत्व नहीं है कि विश्व का हर देश, परिवार और व्यक्ति अमेरिका-इजरायल एवं ईरान युद्ध की विभीषिका से प्रभावित है, कष्ट में है और भविष्य को लेकर आशंकाओं से घिरा है। इस युद्ध ने भारत सहित विश्व के सौ से अधिक देशों को कष्टपूर्ण ढंग से प्रभावित किया है।

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात स्थापित संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और उसकी सुरक्षा परिषद अपना आभामंडल बहुत पहले से ही खो चुके हैं। दुनिया में मारकाट मची है, लेकिन वे कहां हैं, क्या कर रहे हैं किसी को पता नहीं। वे निस्तेज होकर कहीं पड़े हैं। जबकि उसकी शिक्षा और संस्कृति से जुड़ी संस्था यूनेस्को का सूत्र वाक्य है कि युद्ध मनुष्य के मस्तिष्क में निर्मित होते हैं। अतः शांति का संरक्षण भी वहीं



से प्रारंभ होगा। बड़ी उम्मीदों से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन किया गया था, परंतु अपनी श्रेष्ठता के अहंकार में डूबे पूर्व उपनिवेशवादी देशों ने अपने स्वार्थ में अंधे होकर इसे प्रभावहीन कर दिया है। साम्राज्यवाद समाप्त हो गया। उपनिवेशवाद अपने को बचा नहीं सका, लेकिन जिन्होंने केवल अन्य देशों को लूटना ही लक्ष्य बनाया था, वे आज भी अपने वर्चस्व की जकड़न से निकल नहीं पा रहे हैं, लोकतंत्र के सार-तत्व को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। कितने ही उदाहरण दिए जा सकते हैं।

मिस्र ने जब स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण किया, तब ब्रिटेन, फ्रांस और इजरायल ने उस पर चढ़ाई कर दी। इसके लिए उन्होंने तर्क दिया कि यह उनकी सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से आवश्यक है, विश्व हित में भी है, लेकिन उस आक्रमण से ब्रिटेन की जो वैश्विक साख गिरी, वह आज तक भी बहाल नहीं हो पाई है। उस समय दूसरे विश्व युद्ध को समाप्त हुए केवल दस वर्ष ही हुए थे। यूएन आज के मुकाबले अधिक प्रभावशाली था। तब अमेरिका ने सुरक्षा परिषद में युद्ध विराम का प्रस्ताव पास कराया, यह आशंका व्यक्त करते हुए कि कहीं तीसरा विश्व युद्ध प्रारंभ न हो जाए। आज ट्रंप का अमेरिका खुद ही विश्व को तीसरे विश्व युद्ध की आग में झोंक रहा है। 20वीं सदी में दो विश्व युद्ध, रूसी गृहयुद्ध तथा चीनी गृहयद्ध में करोड़ों निर्दोष नागरिक और सैनिक मारे गए थे। आज भी उस विभीषिका के दोहराए जाने का भय लगातार बना हुआ है।

गत दिनों अमेरिका और इजरायल ने बिना किसी से कोई संवाद किए ईरान पर आक्रमण कर दिया। इसीलिए विश्व का कोई भी अन्य देश खुलकर उनका साथ नहीं दे रहा है। इस समय हर देश में युवा वर्ग के दृष्टिकोण में परिवर्तन हो रहा है। उसमें मानव की समानता की व्यावहारिक समझ बढ़ी है। अपने स्वार्थ के लिए शांति, समानता और राष्ट्रीय सार्वभौमिकता जैसे विचारों को तिलांजलि देने का समय अब नहीं रहा। विश्व के अन्य देशों का इस युद्ध से दूर रहना इसी बड़े ऐतिहासिक परिवर्तन को स्थापित करता है। भारतीय नेतृत्व ने इस कठिन समय में भी धैर्य का परिचय देते हुए राष्ट्रहित और जनहित को प्राथमिकता दी है। इसकी सामान्यजन में सराहना हो रही है, लेकिन इस युद्ध से आम लोगों को हो रहे कष्ट को दूर करने के लिए जरूरी है कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी पार्टियां एकजुट हों। जो केवल सरकार की आलोचना कर रहे हैं, वे कोई व्यावहारिक विकल्प प्रस्तुत करते नजर नहीं आ रहे हैं।




# युद्ध की आग में झुलसती रसोई

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से उपजा संकट अब गहराने लगा है। पेट्रोलियम पदार्थों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से भारत समेत कई देशों में ईंधन की उपलब्धता काफी कम हो गई है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। देश में सरकार की ओर से भले ही यह दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, लेकिन हाल में व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर और विमान ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी से स्पष्ट है कि संकट धीरे-धीरे अपने पांव पसार रहा है।

सरकार देश भर में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति में देरी को लेकर जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उससे लोगों में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इस बीच, पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी ने समस्या को और बढ़ा दिया है। इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को घरों में ईंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाने और ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा गया है।

गौरतलब है कि ईरान तथा इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के करीब एक माह बाद कई देशों में




तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है। ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बंद किया है, उसके बाद भारत सहित कई देशों में बड़े पैमाने पर तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है। ईंधन की कमी से उपजा वैश्विक संकट अब जिस स्तर पर बढ़ता जा रहा है, उसका भारत पर भी गहरा असर देखने को मिल रहा है, क्योंकि वह कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के लिए अन्य देशों पर अधिक निर्भर है।

ऐसे में अगर युद्ध लंबा खिंचा तो आने वाले दिनों में किस तरह की परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को ईंधन आपूर्ति के वैकल्पिक उपायों पर अब व्यापक स्तर पर और गंभीरता से विचार करना होगा।

देश में सरकार के समक्ष चुनौती सिर्फ तेल और गैस की कमी की ही नहीं है, बल्कि इसकी जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने की भी है। मौजूदा संकट का दायरा इसलिए भी बढ़ता जा रहा है, क्योंकि आपदा में अवसर तलाशने वालों में मुनाफा कमाने की होड़ लग गई है। जमाखोरी कर रसोई गैस सिलेंडर ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद आम लोगों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

ऐसे में राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकार की ओर से ऊर्जा के वैकल्पिक उपायों के तौर पर लोगों को घरों में इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिक कुकटाप जैसे साधनों का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी जा रही है, ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम की जा सके। मगर, इन उपायों को अपनाना भी आम लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है, क्योंकि बाजार में इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिक कुकटाप की कीमतें अब आसमान छू रही हैं।

रसोई गैस की उपलब्धता सामान्य बनाने के लिए कूटनीतिक स्तर पर हर कदम उठाने के साथ-साथ सरकार को इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि बाजार में जरूरी वस्तुओं के दामों को नियंत्रण में रखा जाए, नहीं तो संकट कम होने के बजाय और बढ़ेगा।

# भारत का UPI देख जर्मन टूरिस्ट हैरान-बोला ये तो जादू है!

**जरा हट के**

भारत आते ही विदेशी पर्यटक यहां के UPI और QR कोड पेमेंट सिस्टम को देखकर चौंक जाते हैं. जहां कई देशों में छोटी-छोटी खरीदारी के लिए भी नकद या क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने पर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है, वहीं भारत में चाय की छोटी दुकान से लेकर बड़े होटलों तक, केवल QR कोड स्कैन कर कुछ ही सेकंड में भुगतान हो जाता है.

UPI की सबसे बड़ी बात इसकी स्पीड है. जो की काफी आसान भी है. विदेशी यात्री अपने पैसे को डिजिटल वॉलेट में लोड करके आसानी से सीधे भुगतान कर सकते हैं. भारत यात्रा के दौरान जब एक जर्मन टूरिस्ट ने इन सुविधाओं का अनुभव किया, तो वह हैरान रह गया. उसने QR पेमेंट सिस्टम को किसी जादू से कम नहीं बताया, और उसका यह रिएक्शन अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर




@jarman_jugnuu नाम के हैंडल से शेयर किया गया है. इसमें एक विदेशी यात्री यह बताते हुए नजर आता है कि भारत में QR कोड आधारित पेमेंट सिस्टम ने रोजमर्रा की खरीदारी को कितना सरल बना दिया है. वह कहता है कि भारत में पेमेंट करना बेहद आसान है सिर्फ QR कोड स्कैन करना होता है और यह सुविधा हर जगह उपलब्ध है, चाहे मंदिर हो, बाजार या फिर टैक्सी.

उसकी बातें साफ तौर पर दिखाती हैं कि डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म अब भारत के दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं. वीडियो के कैप्शन में भी उसने इस अनुभव की जमकर तारीफ की है. कैप्शन में लिखा गया है कि भारत में भुगतान के लिए न तो नकदी रखने की जरूरत है और न ही कार्ड की सिर्फ एक सामान्य स्मार्टफोन ही काफी है. यही असली डिजिटल भारत की पहचान है.

इस वीडियो पर अब तक कई यूजर्स अपनी प्रतिक्रियाएं दे चुके हैं. लोगों ने कमेंट सेक्शन में भारत की डिजिटल पेमेंट को लेकर अपने विचार खुलकर साझा किए हैं. एक यूजर ने लिखा कि यह आज के समय में भारत की सबसे बेहतरीन सुविधाओं में से एक है, जहां हर चीज सिर्फ एक स्कैन की दूरी पर है. वहीं दूसरे यूजर ने कहा कि UPI ने पूरी तरह से गेम बदल दिया है, अब छोटे दुकानदार भी आसानी से पेमेंट स्वीकार कर रहे हैं.

# कच्चे आम-प्याज की चटनी




समर सीजन में लगभग हर घर में कच्चे आम का खट्टा-तीखा अचार या फिर ठंडा-ठंडा आम पन्ना जरूर बनता है, लेकिन क्या आपने कभी कच्चे आम और प्याज की खट्टी-मीठी चटनी ट्राई की है? अगर नहीं, तो इस बार गर्मियों में इसे अपनी रसोई में जरूर जगह दें। यकीन मानिए, इसका स्वाद इतना लाजवाब होता है कि बच्चे हों या बड़े, हर कोई इसे उंगलियां चाट-चाट कर खाएगा।

### सामग्री

- कच्चा आम: 1 मीडियम शेप का (छिला और टुकड़ों में कटा हुआ)
- प्याज: 1 बड़ा (कटा हुआ)
- हरी मिर्च: 2 से 3 (अपने तीखेपन की पसंद के अनुसार)
- गुड़ या चीनी: 2-3 बड़े चम्मच (खट्टी-मीठी मिठास के लिए)
- पुदीने के ताजे पत्ते: आधा कप
- भुना हुआ जीरा पाउडर: आधा छोटा चम्मच
- काला नमक और सादा नमक: स्वादानुसार

### विधि

सबसे पहले कच्चे आम और प्याज को अच्छी तरह धोकर छील लें और उन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। पुदीने के पत्तों को भी साफ पानी से धो लें।



अब एक ब्लेंडर या मिक्सर जार में कटे हुए कच्चे आम, प्याज, हरी मिर्च और पुदीने के पत्ते डालें।

इसी जार में मिठास के लिए गुड या चीनी, भुना जीरा पाउडर, काला नमक और थोड़ा सा सादा नमक डाल दें। अब इन सभी चीजों को बिना पानी डाले पीस लें। एक बहुत ही जरूरी टिप- इस चटनी को एकदम बारीक पेस्ट न बनाएं। इसे हल्का सा दरदरा रखेंगे, तो खाते समय प्याज और आम का क्रंच मुंह में आएगा, जो बहुत ही स्वादिष्ट लगता है। लीजिए, मिनटों में आपकी चटपटी खट्टी-मीठी चटनी बिल्कुल तैयार है। आप इसे किसी कांच के एयरटाइट जार में भरकर फ्रिज में 3-4 दिनों तक आराम से रख सकते हैं। दोपहर के सादे दाल-चावल हों, सुबह के गरमागरम आलू के पराठे हों या शाम को चाय के साथ पकौड़े- यह चटनी हर खाने की शान बढ़ा देगी।

## आज का राशिफल

**मेष** : विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**वृषभ** : वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**मिथुन** : आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क** : लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**कन्या** : प्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक** : नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** : बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है।

**मकर** : आज धन का निवेश न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# परफ्यूम खरीदने से पहले जान लें....

## परफ्यूम की बोतल पर लिखे EDC, EDT या EDP का मतलब जानते हैं आप?

परफ्यूम खरीदते समय क्या आपने उसकी बोतल पर छोटे अक्षरों में लिखें EDC, EDT या EDP पर ध्यान दिया है? कई बार लोग इन पर ध्यान नहीं देते या इन्हें देखकर कन्फ्यूज हो जाते हैं, लेकिन परफ्यूम खरीदते समय इनका ध्यान रखना काफी जरूरी है। दरअसल, ये छोटे अक्षर ही बताते हैं कि आपकी परफ्यूम की बोतल में परफ्यूम ऑयल की कॉन्सनट्रेशन कितनी है। आइए समझें इनके मतलब, ताकि अगली बार परफ्यूम खरीदते समय आप कन्फ्यूज न हो और अपने लिए सही परफ्यूम चुन सकें।

### Eau de Cologne (EDC)

ई-डी-कोलोन (EDC) परफ्यूम की श्रेणी में सबसे हल्का विकल्प है। इसमें परफ्यूम ऑयल की मात्रा केवल 2% से 4% होती है, जबकि बाकी हिस्सा अल्कोहल और पानी का होता है। परफ्यूम ऑयल कम होने की वजह से इसकी खुशबू जल्दी उड़ जाती है और मुश्किल से एक से दो घंटे तक ही टिकती है। इन परफ्यूम्स में सिट्रस या हर्ब्स जैसे टॉप नोट्स का इस्तेमाल होता है। इसलिए ये परफ्यूम तुरंत फ्रेश महसूस करने के लिए अच्छे ऑप्शन हैं, लेकिन पूरे दिन के लिए नहीं।

### Eau de Toilette (EDT)

बाजार में मिलने वाले ज्यादातर परफ्यूम इसी श्रेणी के होते हैं। इसमें परफ्यूम ऑयल की मात्रा 5% से 15% के बीच होती है। परफ्यूम ऑयल ठीक-ठीक मात्रा में होने के कारण इसकी खूशबू 3 से 5 घंटे तक बनी रहती है। यह सबसे ज्यादा इसलिए भी पसंद किया जाता है, क्योंकि यह न तो बहुत हल्का होता है और न ही बहुत भारी। ऑफिस या डे आउट के लिए यह परफ्यूम बेस्ट है।



### Eau de Parfum (EDP)

ई-डी-परफ्यूम (EDP) में परफ्यूम ऑयल का कॉन्सनट्रेशन काफी ज्यादा होता है, लगभग 15% से 20% के आस-पास। इसलिए इस परफ्यूम की खुशबू 5 से 8 घंटे या उससे भी ज्यादा समय तक टिकी रह सकती है। इनमें बेस नोट्स, जैसे लकड़ी या कस्तूरी की खुशबू ज्यादा होती हैं। यह शाम की पार्टियों या सर्दी के मौसम के लिए बेस्ट है।

### गर्मियों के लिए EDT सबसे अच्छा ऑप्शन

- अगर आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में पसीने की बदबू से बचने के लिए लंबे समय तक चलने वाला EDP सबसे बेस्ट है, तो आप गलती कर रहे हैं।
- तापमान बढ़ने पर परफ्यूम ऑयल जल्दी उड़ जाता है और इसके कारण परफ्यूम की अचानक से तेज गंध आती है। इसलिए धूप और तेज गर्मी के लिए EDT सबसे अच्छा ऑप्शन है। इसकी खुशबू भी रिफ्रेशिंग होती है, जो गर्मियों के लिए परफेक्ट है।

# फल-सब्जियां साफ करने के 5 तरीके

सब्जियों और फलों पर लगे कीटनाशक सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक होते हैं. ऐसे में बाजार से खरीदकर लाने के बाद फल-सब्जियों को अच्छी तरह साफ करना जरूरी होता है. नमक का पानी, बेकिंग सोडा, सिरका और साफ पानी से धोने जैसे आसान घरेलू उपायों से इन केमिकल्स को काफी हद तक हटाया जा सकता है. सही सफाई न केवल बीमारियों से बचाती है, बल्कि शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में भी मदद करती है.

**बहते पानी से अच्छी तरह धोएं :** फल-सब्जियों को बाजार से लाने के बाद बहते पानी में अच्छे से धोना चाहिए. कई लोग सिर्फ हल्का-सा पानी डालकर काम चला लेते हैं, लेकिन ऐसा करना पर्याप्त नहीं है. फल-सब्जियों को कम से कम 2-3 मिनट तक हाथों से रगड़ते हुए धोना चाहिए, ताकि उनकी सतह पर चिपके पेस्टिसाइड, धूल और बैक्टीरिया हट सकें. पत्तेदार सब्जियों जैसे पालक या धनिया को एक-एक पत्ती अलग करके धोना ज्यादा असरदार होता है. यह तरीका केमिकल्स हटा देता है.

**नमक वाले पानी में भिगोएं :** नमक का पानी पेस्टिसाइड हटाने में काफी मददगार माना जाता है. एक बड़े बर्तन में पानी लेकर उसमें 1-2 चम्मच नमक मिलाएं और फल-सब्जियों को 10-15 मिनट के लिए उसमें भिगोकर रखें. नमक का घोल फल-सब्जियों की सतह पर मौजूद केमिकल्स को ढीला करता है, जिससे वे आसानी से निकल जाते हैं. खासकर बैंगन, भिंडी और गोभी जैसी सब्जियों के लिए यह तरीका ज्यादा प्रभावी होता है. भिगोने के बाद इन्हें साफ पानी से दोबारा धोना न भूलें.



**बेकिंग सोडा करें इस्तेमाल :** बेकिंग सोडा एक वैज्ञानिक रूप से प्रभावी तरीका माना जाता है. एक लीटर पानी में आधा चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर उसमें फल-सब्जियों को 10-15 मिनट तक रखें. रिसर्च में पाया गया है कि बेकिंग सोडा पेस्टिसाइड के केमिकल स्ट्रक्चर को तोड़ने में मदद करता है, जिससे उनका असर कम हो जाता है. यह तरीका खासतौर पर सेब, टमाटर और शिमला मिर्च जैसी सब्जियों और फलों के लिए उपयोगी है. बाद में इन्हें साफ पानी से अच्छी तरह धोना जरूरी है.

**सिरका से करें सफाई :** सिरका एक नेचुरल क्लीनिंग एजेंट है, जो बैक्टीरिया और कुछ हद तक पेस्टिसाइड हटाने में मदद करता है. एक बर्तन में पानी लें और उसमें 1-2 चम्मच सिरका मिलाएं, फिर फल-सब्जियों को 10 मिनट तक इसमें डुबोकर रखें. यह तरीका खासकर उन सब्जियों के लिए अच्छा है जिनकी सतह चिकनी होती है, जैसे टमाटर या खीरा. सिरके का ज्यादा इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे स्वाद और गंध प्रभावित हो सकती है. उपयोग के बाद साफ पानी से धोना जरूरी है.

**सही तरीके से छीलें और पकाएं :** कुछ सब्जियों और फलों का छिलका हटाने से पेस्टिसाइड का बड़ा हिस्सा निकल जाता है, क्योंकि अधिकांश केमिकल्स बाहरी परत पर ही रहते हैं. आलू, गाजर, खीरा और लौकी जैसी चीजों को छीलकर इस्तेमाल करना सुरक्षित विकल्प हो सकता है. इसके अलावा सब्जियों को अच्छी तरह पकाने से भी कुछ हानिकारक तत्व कम हो जाते हैं. ध्यान रखें कि ज्यादा पकाने से पोषक तत्व नष्ट हो सकते हैं, इसलिए मध्यम आंच पर सही समय तक पकाना बेहतर होता है.

# उड़द की दाल में छुपा है हेल्थ सीक्रेट!

### दिल से पाचन तक करेगी कमाल, ऐसे करें इस्तेमाल

उड़द की दाल (ब्लैक ग्राम) के पत्ते और दाल दोनों ही स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद माने जाते हैं. इनमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन और अन्य खनिज भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो पाचन सुधारने, हड्डियों को मजबूत बनाने, ऊर्जा बढ़ाने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद करते हैं. यह पेट के लिए भी काफी पौष्टिक मानी जाती है.

उड़द की दाल में पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर की उच्च मात्रा पाई जाती है, जो खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) को कम करने और रक्तचाप को नियंत्रित रखने में मदद करती है. इससे हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है. यह दाल रक्त परिसंचरण में सुधार करती है और धमनियों में प्लाक जमने से रोककर दिल को मजबूत बनाए रखने में सहायक होती है.

उड़द की दाल आयरन, प्रोटीन, मैग्नीशियम और पोटैशियम का बेहतरीन स्रोत है, जो शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को बढ़ाकर एनीमिया की समस्या को कम करने में मदद करती है और ऊर्जा स्तर को प्राकृतिक रूप से बढ़ाती है. यह



थकान कम करने, मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने और पाचन तंत्र को सुधारने में भी बेहद फायदेमंद मानी जाती है.

उड़द की दाल त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है, क्योंकि यह आयरन, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है. यह रूखी त्वचा को नमी प्रदान करती है, मुंहासों को कम करने में मदद करती है और स्कैल्प को पोषण देकर बालों को घना व मजबूत बनाती है, जिससे झड़ने की समस्या भी कम होती है.

उड़द की दाल का पेस्ट त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है. इसमें मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण मुंहासे, दाग-धब्बे और झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं. यह प्राकृतिक रूप से त्वचा को साफ कर डेड स्किन हटाता है, जिससे चेहरा चमकदार और मुलायम बनता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## संक्षेप...

### कार ने बाइक को टक्कर मारी

**ठाणे.** नासिक-मुंबई राजमार्ग पर दोपहिया वाहन से यात्रा करते समय, एक चार पहिया वाहन ने शिकायतकर्ता कल्पेश लीलाधर पाटिल के दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में, टैक्सी चालक के खिलाफ कलवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता कल्पेश लीलाधर पाटिल नासिक-मुंबई राजमार्ग पर खारेगांव टोल प्लाजा के पास दोपहिया वाहन से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार कल्पेश गिर गए। इस दुर्घटना में शिकायतकर्ता की कमर के पास बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया.

# बारामती उपचुनाव में महायुति ने सुनेत्रा पवार का साथ दिया

## डिप्टी सीएम शिंदे ने सभी पार्टियों से निर्विरोध चुनाव करने की अपील की



**ठाणे.** महायुति ने बारामती विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट दिवंगत नेता अजित पवार की मौत की वजह से खाली हुई है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी पार्टियों से सुनेत्रा पवार का साथ देने और यह चुनाव बिना विरोध के लड़ने की अपील की है। ठाणे में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में महाराष्ट्र में बिना विरोध के उपचुनाव कराने की परंपरा है। उन्होंने यह भी साफ किया कि महायुति पूरी तरह से सुनेत्रा पवार के साथ खड़ी है।सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए सभी पार्टियों से इस भावना से पॉजिटिव सोचने की अपील की।यह पहले ही साफ हो चुका है कि अगर महा विकास अघाड़ी की सहयोगी नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार ग्रुप) बारामती उपचुनाव नहीं लड़ती है, तो कांग्रेस महायुति के खिलाफ अपना कैंडिडेट उतारेगी। बताया जा रहा है कि इस बारे में दिल्ली में नेताओं से परमिशन भी मिल गई है। इसलिए, बारामती से कांग्रेस का कैंडिडेट तय करने का प्रोसेस आखिरी स्टेज में पहुंच गया है।जहां कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि उसने चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है, वहीं दूसरी तरफ ओबीसी एक्टिविस्ट लक्ष्मण हेक ने भी कहा है कि वह अपना नॉमिनेशन पेपर फाइल करेंगे। वह कल अपना नॉमिनेशन पेपर फाइल करेंगे और उन्होंने दावा किया है कि उन्हें कई पॉलिटिकल पार्टियों का सपोर्ट है।

# जिले में 'डिजिटल जनगणना' की तैयारी शुरू

- 64 फील्ड ट्रेनर्स की ट्रेनिंग के साथ कैंपेन शुरू



**ठाणे.** जिले में भारत की जनगणना 2027 का प्रोसेस शुरू हो गया है और जिला प्रशासन ने इसके लिए कमर कस ली है। देश के इतिहास में पहली बार, यह जनगणना ठाणे जिले में जिलाधिकारी डॉ. श्री कृष्ण पांचाल के गाइडेंस में पूरी तरह से डिजिटल तरीके से की जाएगी।इस कैंपेन की तैयारियों के तहत, फील्ड ट्रेनर्स की ट्रेनिंग का उद्घाटन आज, 6 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी कार्यालय की पांचवीं मंजिल पर कमेटी हॉल में किया गया। तहसीलदार सचिन चौधरी की मौजूदगी में शुरू हुई इस ट्रेनिंग क्लास के ज़रिए जिले की टेक्निकल मैनपावर को तैयार किया जा रहा है। यह पूरी प्लानिंग उपजिलाधिकारी रूपाली भालके की सीधी देखरेख में की गई है, और इसका मकसद ट्रेनिंग के ज़रिए हर एन्यूमरेटर तक सही जानकारी पहुंचाना है। एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, इस ट्रेनिंग के लिए 32-32 लोगों के दो अलग-अलग बैच तैयार किए गए हैं और कुल 64 फील्ड ट्रेनर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह ट्रेनिंग 11 अप्रैल, 2026 तक चलेगी और मास्टर ट्रेनर्स कल्याण के तहसीलदार (नॉन-एग्रीकल्चरल) श्री विनोद भामरे और तहसीलदार (S.G.Y.O. मनपा एरिया) स्वाति घोंगड़े एक्सपर्ट गाइडेंस दे रहे हैं।यह ट्रेनिंग मुख्य रूप से सेंसस-2027 के पहले फेज, हाउसहोल्ड लिस्ट और हाउसहोल्ड सेंसस पर फोकस है। डिजिटल फॉर्मेट होने की वजह से इस बार एन्यूमरेटर्स को पेपर एप्लीकेशन के बजाय CMMS पोर्टल और HLBC ऐप का इस्तेमाल करना होगा। इन 64 फील्ड ट्रेनर्स को इस ऐप की टेक्निकल जानकारी, सेंसस एक्ट और रूल्स, और डेटा कलेक्शन के प्रोसेस पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी जा रही है।ठाणे के अंदर नौ चार्ज में करीब 4,000 एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर को तैयार करेंगे।जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने इस प्रोसेस में एक्यूरेसी की इंपॉर्टेंस पर ज़ोर दिया है और माना है कि डिजिटल फैसिलिटी से डेटा कलेक्शन में ट्रांसपेरेंसी आएगी। खास बात यह है कि इस सेंसस में पहली बार लोगों को 'सेल्फ-एन्यूमरेशन' की फैसिलिटी दी गई है। एडमिनिस्ट्रेशन ने लोगों से अपील की है कि वे 1 मई 2026 से 15 मई 2026 तक सरकार के ऑफिशियल वेब पोर्टल पर लॉग इन करें और अपनी जानकारी खुद रजिस्टर करें।हाउस लिस्ट और हाउस सेंसस का पहला फेज 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक फील्ड लेवल पर लागू किया जाएगा।

# ठाणे मनपा को दो आधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस मिलीं

**ठाणे.** फर्स्ट क्रेडिट सर्विसेज और इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट के सीएसआर फंड से ठाणे मनपा के स्वास्थ्य विभाग को दो अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस प्रदान की गईं। इन एम्बुलेंस का लोकार्पण 04 अप्रैल को सांसद नरेश म्हस्के ने महापौर शर्मिला पिंपोलकर और उप महापौर कृष्णा पाटिल की उपस्थिति में किया।यह कार्यक्रम मनपा के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर जी.जी. गोडेपुरे, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल, मातृ एवं बाल कल्याण अधिकारी वर्षा ससाने, इनरव्हील क्लब 314 डिस्ट्रिक्ट की अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. छाया भड़कमकर, सदस्य सुनीता जैन और अन्य उपस्थित थे।

सांसद नरेश म्हस्के ने महापौर रहते हुए इस परियोजना की पहल की थी। उनके प्रयासों और विभिन्न संगठनों के सहयोग से, ये दोनों एम्बुलेंस मनपा को उपलब्ध कराई गईं। इन दो हृदय संबंधी एम्बुलेंस से स्वास्थ्य विभाग को निश्चित रूप से लाभ होगा और ये एम्बुलेंस अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

## केडीएमसी की तीनों समितियों का चुनाव निर्विरोध स्थायी

# समिति के सभापति पद पर मल्लेश शेट्टी का चयन



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की तीनों समितियों के सभापति पद के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए हैं। स्थायी समिति के सभापति पद पर शिंदे सेना के मल्लेश शेट्टी, महिला एवं बाल कल्याण समिति के सभापति पद पर शिंदे सेना की सारिका सतीश जाधव और शिक्षा समिति के सभापति पद पर भाजपा के अभिजीत थरवल निर्विरोध चुने गए हैं।

स्थायी समिति को मनपा की तिजोरी माना जाता है। इस तिजोरी की चाबियां अब शिंदे सेना के हाथ में आ गई हैं। वहीं भाजपा के हिस्से में केवल शिक्षा समिति आई है। महिला एवं बाल कल्याण समिति भी शिंदे सेना के पास गई है। इन तीनों समितियों के सभापति पद के लिए प्रत्येक पद पर एक ही आवेदन प्राप्त होने के कारण तीनों का चुनाव निर्विरोध हुआ। इसकी आधिकारिक घोषणा आज की गई। स्थायी समिति के सभापति शेट्टी ने कहा कि सभी को विश्वास में लेकर समिति का कार्य संचालन किया जाएगा। पिछले पांच वर्षों से चुनाव नहीं हुए थे। महानगरपालिका की आर्थिक स्थिति का अध्ययन कर ही निर्णय लिए जाएंगे। शिक्षा समिति के सभापति थरवल ने कहा कि महानगरपालिका के स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्य किया जाएगा। महानगरपालिका के स्कूलों में आम लोगों के बच्चे पढ़ते हैं। उन विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पहली बार नगरसेवक चुने जाने के बाद भाजपा-शिंदे सेना गठबंधन ने मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे सभापति पद दिया है, इसके लिए मैं महायुति के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं दूसरी बार नगरसेवक बनी सारिका जाधव ने महिला व बाल कल्याण समिति सभापति के रूप में चयन होने के बाद पार्टी हाईकमान का आभार प्रकट किया।

# ऑनलाइन गेमिंग-लॉटरी का 'किंग' कौन?



- ठाणे व आसपास के शहरों में फल-फूल रहा काला धंधा

**ठाणे.** ऑनलाइन गेमिंग-लॉटरी किसके आशीर्वाद से शहर और आस पास में तेज गति से फल फूल रहा है।यह ठाणे स्टेशन परिसर में जोरों पर चल रहा है। कुछ महीने पहले इस मामले को अधिवेशन में विधायक एड. निरंजन डावखरे ने उठाया था।उसके बाद प्रशासन तत्काल कार्रवाई का दिखावा करते हुए इन सभी गोरख धंधों को बंद कर दिया था।लेकिन जैसे ही अधिवेशन समाप्त होने का प्रशासन को बेरहमी से इंतजार था।वह अब शुरुआत हो गया है इससे प्रशासन के कारभार पर सवाल खड़े हो गए हैं। ठाणे,दीवा,मुंब्रा,कलवा रेलवे स्टेशन इलाके समेत शहर के अलग-अलग हिस्सों में ये ऑनलाइन गेमिंग और लॉटरी खुले हैं और इस धंधे के बिना किसी डर के चलने की तस्वीर सामने आ रही है।

### मजदूर वर्ग को दिया जा रहा लालच

इन स्टॉल्स के जरिए खासकर मजदूर वर्ग को जल्दी पैसा कमाने का लालच दिया जा रहा है। 'कम इन्वेस्टमेंट, ज्यादा रिटर्न' के नारे के साथ कई लोगों को फाइनेंशियल जाल में फंसाया जा रहा है। इस वजह से, समाजसेवियों का कहना है कि कई परिवारों की आर्थिक हालत खराब हो रही है।प्रशासन चुप है! बार-बार शिकायत करने के बाद भी, संबंधित अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, और नागरिकों द्वारा यह सवाल उठाया जा रहा है कि, यह गैर-कानूनी धंधा किसके आशीर्वाद से चल रहा है?।

# ठाणे नगर पुलिस की तत्परता

## रिक्शा में भूले साढ़े चार लाख के जेवरात 5 घंटे में बरामद



**ठाणे.** शहर से भिवंडी प्रवास के दौरान रिक्शा में भूल गए करीब साढ़े चार लाख रुपये मूल्य के जेवरात से भरा बैग ठाणे नगर पुलिस ने महज पांच घंटे में खोजकर को लौटा दिया। बैग वापस मिलने पर पीड़ित परिवार की आंखों में खुशी के आंसू थे और उन्होंने पुलिस की सतर्कता व ईमानदारी के प्रति आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, घाटकोपर निवासी वरिष्ठ नागरिक संपत सालवे अपनी पत्नी के साथ भिवंडी जाने के लिए लोकल ट्रेन से ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से उन्होंने भिवंडी जाने के लिए रिक्शा ली। भिवंडी टोल नाके पर रिक्शा से उतरने के बाद कुछ देर में उन्हें याद आया कि गहनों से भरा बैग रिक्शा में ही छूट गया है। घबराए दंपती तुरंत ठाणे नगर पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भरत चौधरी ने जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक प्रवीण जाधव को सौंपी। ड्यूटी खत्म होने के बावजूद जाधव ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। उन्होंने पुलिस सिपाही सचिन पाचपुते के साथ मिलकर ठाणे से भिवंडी तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लगातार पांच घंटे की मेहनत के बाद संबंधित रिक्शा का नंबर मिला और चालक से संपर्क किया गया।रिक्शा चालक से लेदर बैग बरामद हुआ, जिसमें करीब चार लाख रुपये के ढाई तोले सोने के आभूषण, चांदी के पैंजन, पैन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। पुलिस ने पूरा सामान सालवे दंपती को सुरक्षित सौंप दिया।

# गैस की कमी को लेकर वंचित बहुजन आघाड़ी का मोर्चा

- केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी
- उचित नियोजन ना होने से नागरिकों को हो रही असुविधा- विशाल पावशे



**कल्याण.** ईरान विरुद्ध इस्त्राइल और अमेरिका में छिड़ी जंग के कारण गैस की आपूर्ति बाधित हुई है। गैस की कमी को लेकर कल्याण में वंचित बहुजन आघाड़ी की ओर से केंद्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कल्याण पश्चिम स्थित डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान से तहसीलदार कार्यालय तक मोर्चा निकाला गया और कल्याण के तहसीलदार विकास गरुडकर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान वंचित बहुजन आघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वंचित बहुजन आघाड़ी के शहर अध्यक्ष विशाल पावशे ने कहा कि युद्ध के कारण गैस की कमी पैदा हुई है। सरकार की नीतियां सही न होने से आम नागरिकों को गैस संकट का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इस विषय पर सरकार को उचित योजना बनानी चाहिए। कई होटल व्यवसायियों को भी इसका बड़ा नुकसान हो रहा है। आम लोगों को हो रही असुविधा को दूर करने के लिए सरकार को तुरंत उचित कदम उठाने चाहिए, ऐसी मांग विशाल पावशे ने की। मोर्चे में बड़ी संख्या में वंचित बहुजन आघाडी के कार्यकर्ता शामिल थे।

# ठाणे सिविल अस्पताल में सफाई शुरू



- एडमिनिस्ट्रेशन का फोकस सफाई पर
- जिलाधिकारी के दौरा के बाद सिस्टम 'एक्शन मोड' पर

**ठाणे.** सिविल अस्पताल में जिला भर से हजारों की संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं।लेकिन अब सफाई अभियान शुरू हो गई है।अस्पताल में सफाई, डिसिप्लिन और पेशेंट सर्विस की क्वालिटी में अब काफी सुधार है। एडमिनिस्ट्रेशन ने अलग-अलग वार्ड, आउटपेशेंट डिपार्टमेंट (OPD) और अस्पताल के पूरे परिसर को ज़्यादा साफ़-सुथरा रखने पर फोकस किया है, और मरीज़ों को अच्छी हेल्थकेयर देने के लिए पूरे सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया गया है। आज, अस्पताल के कामकाज और सुविधाओं का रिव्यू करने के लिए सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव अधिकारियों ने एक स्पेशल इंस्पेक्शन विज़िट ऑर्गनाइज़ किया। इस विज़िट के दौरान, ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, डिप्टी डायरेक्टर ऑफ़ हेल्थ डॉ. अशोक नंदापुरकर और एडिशनल डिस्ट्रिक्ट सर्जन डॉ. धीरज महानगड़े ने अस्पताल के हर डिपार्टमेंट का दौरा किया और कामकाज को डिटेल में देखा। मरीजों के इलाज के तरीकों, मौजूद दवाओं, सफाई व्यवस्था और मौजूद स्टाफ के काम करने के तरीकों का डिटेल में रिव्यू किया गया। इस अवसर पर मनोरोग अस्पताल सुपरिटेंडेंट डॉ. नेताजी मुलिक, सीनियर सर्जन निशिकांत रोकड़े, डॉ. महेंद्र केंद्रे, विनोद जोशी आदि मौजूद थे।

फिलहाल मेडिकल और सपोर्ट स्टाफ की तरफ से मरीजों की देखभाल को और बेहतर बनाने के लिए खास ध्यान रखा जा रहा है।जिलाधिकारी ने आसान तरीके लागू करने के निर्देश दिए हैं ताकि मरीजों को हेयर पेपर हटाने से लेकर असली इलाज मिलने तक कहीं इंतजार न करना पड़े और इमरजेंसी में उन्हें तुरंत मदद मिल सके।

# मैं पूरी तरह से मां पर निर्भर थी -जाह्नवी

- श्रीदेवी के जाने के बाद कई गलत फैसले लिए
- दुनिया ने बुरा व्यवहार किया



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में अपनी मां और सुपरस्टार श्रीदेवी के निधन और उसके बाद आई मुश्किलों पर बात की है। जाह्नवी ने बताया कि वे अपनी जिंदगी के हर छोटे-बड़े फैसले के लिए मां पर निर्भर थीं।

उनके अचानक चले जाने के बाद जाह्नवी को न सिर्फ अकेले फैसले लेना सीखना पड़ा, बल्कि दुनिया के कड़े व्यवहार और ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा।

### हर छोटी बात के लिए मां पर थीं निर्भर

राज शमानी के पॉडकास्ट में जाह्नवी ने बताया कि श्रीदेवी के रहते उन्होंने कभी खुद से कोई फैसला नहीं लिया था। जाह्नवी ने कहा, ₹मैं उन पर पूरी तरह निर्भर थी। मैं उनसे हर बात पूछती थी की क्या कपड़े पहनूं? क्या करूं? क्या सही है और क्या गलत? उनके जाने के बाद मुझे अपनी जिंदगी के फैसले खुद लेना सीखना पड़ा।₹

जाह्नवी ने यह भी माना कि इस दौरान उन्होंने कई गलत फैसले लिए और उन लोगों को अपनी निजी जिंदगी में दखल देने दिया, जिनका वहां कोई काम नहीं था।

### दुनिया मेरे दुख को जज कर रही थी

जाह्नवी ने उस दौर के तनाव को याद करते हुए बताया कि लोग उनके दुख का पैमाना तय कर रहे थे। एक्ट्रेस के मुताबिक, ₹दुनिया मुझे तोड़ने की कोशिश कर रही थी। लोग कमेंट करते थे कि देखो वह अब कुछ ज्यादा ही मुस्कुरा रही है, वह उतनी दुखी नहीं है जितनी उसे होना चाहिए। मेरे परिवार पर भी कई तरह के आरोप लगाए गए।₹

# SST महाविद्यालय का वैश्विक मंच पर लहराया परचम

## एनएसएस स्वयंसेवक जेरिन अब्राहम की उल्लेखनीय उपलब्धि









**उल्हासनगर.** एस.एस.टी. कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, उल्हासनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विभाग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी पहचान स्थापित की है। मुंबई विश्वविद्यालय की ओर से चयनित 6 NSS विद्यार्थी एवं 1 कार्यक्रम अधिकारी (PO) ने महाराष्ट्र राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड यूथ पार्लियामेंट 2026 में सहभागिता की।

यह भव्य आयोजन कर्नाटक राज्य के बेंगलुरु स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, गांधी कृषि विज्ञान केंद्र (GKVK) परिसर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में भारत के 23 राज्यों तथा विश्व के 28 देशों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम वैश्विक संवाद और नेतृत्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

इस अधिवेशन में एस.एस.टी. महाविद्यालय के विद्यार्थी जेरिन अब्राहम ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता दर्ज करते हुए "ग्लोबल एंटी-मिसइन्फॉर्मेशन एंड मीडिया लिटरेसी फ्रेमवर्क बिल, 2026" विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनकी इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए उन्हें रनर-अप पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय की इस सफलता से एस.एस.टी. कॉलेज के NSS विभाग की गुणवत्ता, विद्यार्थियों का नेतृत्व विकास तथा सामाजिक जागरूकता एक बार फिर उजागर हुई है।

**इस संसदीय अधिवेशन में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, वाद-विवाद और मतदान प्रक्रिया के माध्यम से निम्नलिखित पाँच महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए :**

- हेल्थ एंड वेल-बीइंग बिल, 2026
- ग्लोबल एंटी-मिसइन्फॉर्मेशन एंड मीडिया लिटरेसी फ्रेमवर्क बिल, 2026
- पीस, एजुकेशन एंड एंटी-रैडिकलाइजेशन बिल, 2026
- साइबर पीस एंड सिक्योरिटी बिल, 2026
- ग्लोबल सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड फूड सिक्योरिटी एक्ट, 2026





### आम सूचना

मैं श्री संजय रतन रिसवाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, बैरक नं. 391, रुम नं. 1 का साईड प्लाट पोस्ट ऑफिस के सामने, गोल मैदान रोड, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एओ014805000) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजकुमार पी. खानचंदानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 15.11.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री संजय रतन रिसवाल**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099